अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें : राज्यपाल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 सितम्बर. जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत में शामिल होना बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि

नैतिकता और आध्यात्मिकता बिना ज्ञान व्यर्थ :अवनीश

जेयू : दीक्षांत समारोह आयोजित,56 विद्यार्थियों को मिले स्वर्ण पदक

अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र और गुरुजनों को गौरवान्वित करता है। जीवाजी ने पांच गांवों को गोद लिया है जिसकी देखरेख विश्वविद्यालय करता है। डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की यह बहुत खुशी की बात है। आपकी शिक्षा तभी सार्थक है जब आप गरीब और वंचितों को साथ लेकर चलेंगे। मानवता एकाग्रता होगी तभी आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। अति पैसा आ जाए तो छलकना नहीं विनम्रता बनाए रखना ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय विद्या भारती के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर ने कहा कि वास्तव में कहा जाए तो दीक्षांत अंत नहीं बल्कि जीवन का प्रारंभ है। आप यहीं से निकलकर समाज की सेवा का कार्य करेंगे। इस उपाधि के लिए अपने आपको प्रमाणित करने का समय आ गया है। हमारे देश में शिक्षा अर्जन करने की ऐसी व्यवस्था है। इसमें दीक्षांत का अर्थ अंत नहीं बल्कि उसकी शुरुआत होती है ।दीक्षा के बाद आप दुनिया भर में आने वाली समस्याओं से लड़ने के लिए सामर्थ्य प्राप्त कर सकें। भारत में शिक्षा का अर्थ ज्ञान अर्जन करना है। ज्ञान अर्जन का अर्थ है। राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाना ।व्यक्ति में नैतिकता और आध्यात्मिकता होनी चाहिए ।बिना उसके ज्ञान व्यर्थ है।

जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का आयोजन आज अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अखिल भारतीय विद्या भारती के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुआ ।सर्वप्रथम प्रोसेशन निकाला गया प्रोसेसन में सभी संकायाध्यक्ष, बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरमैन,कार्यपरिषद सदस्य शामिल हुए ।उसके बाद राष्ट्रगान हुआ ।अध्यक्षता कुलाधिपति व प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की ।दीक्षांत शपथ जेयू के कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य ने दिलाई।

समारोह में वर्ष 24-25 के छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि अवनीश भटनागर व राज्यपाल पटेल द्वारा डिग्री के साथ-साथ गोल्ड मेडल प्रदान किए गए ।295 विद्यार्थियों को उपाधि दी गई। वहीं 43 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कुलसचिव राकेश सिंह कुशवाह,डीएन गोस्वामी, कार्यपरिषद सदस्यगण डॉ.नीलिमा सिंह चंदेल, डॉ.रवि अम्बे, वीरेंद्र सिंह पाल,प्रो.राजेंद्र बांदिल, डॉ.मंजीत कौर भल्ला,प्रो.जेएन गौतम, प्रो.एसएन महापात्रा, प्रो हेमंत शर्मा, प्रो.एसके सिंह, प्रो. शांतिदेव सिसौदिया, प्रो.महेंद्र गुप्ता, डॉ.मनोज शर्मा, डॉ.समीर भाग्यवंत, प्रो.राधा तोमर, डॉ.निमिषा जादौन, डॉ.स्वर्णा परमार, प्रो.मुकुल तैलंग, प्रो. सुमन जैन, डॉ.नवनीत गरूड़, प्रो. राजेंद्र खटीक, प्रो.गणेश दुबे, प्रो.संजय गुप्ता,प्रो. वायके जेसवाल, प्रो. विवेक बापट, डॉ.सपन पटेल, प्रो.एसके श्रीवास्तव, डॉ.सतेंद्र सिकरवार,उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल के विश्वविद्यालय में आगमन से पहले एनएसयूआई ने चिपकाए पोस्टर

ग्वालियर। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में आगमन से पहले एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव कृष्णराज भारद्वाज ने एबीवीपी नेताओं को यूनिवसिटी में कथित तौर पर फ्री में पढ़ाने के विरोध में पोस्टर चिपकाए। पुलिस ने बाद में ये पोस्टर हटा दिए।

डॉ . कल्पना राजपूत को पीएचडी की उपाधि

ग्वालियर। डॉक्टर श्रीमती कल्पना राजपूत को जीवाजी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। वे नरेंद्र सिंह राजपूत ट्रेन मैनेजर ग्वालियर की धर्मपत्नी हैं। उन्होंने एचओडी डॉक्टर राजश्री मिश्रा, साइंस कॉलेज एवं कोगाइड डॉक्टर डीके जैन, एमआईटीएस ग्वालियर के मार्गदर्शन में यह पीएचडी की है। श्रीमती कल्पना राजपूत को आज जेयू के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति राज्यपाल मंगूभाई पटेल व कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने यह उपाधि प्रदान की। श्रीमती कल्पना राजपूत के शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं।

ताऊ-भतीजों के बीच चली लाठियां

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 सितंबर. पितृ-पक्ष की अमावस्या पर पहले पूजा कराने को लेकर ताऊ और भतीजों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पूजा तो हो नहीं सकी बल्कि लाठियां चल गईं। लाठियां चलने से दोनों पक्ष के करीब सात लोग घायल हो गए।

अमावस्या की रात पूजा पहले कराने पर विवाद

मेहरा गांव में लाठी-डंडे चलने की बात पता चलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और मामला शांत कराने के बाद दोनों पक्ष को थाने ले आया। दोनों पक्ष थाने में भी एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। बात जब नहीं बनी तो पुलिस ने क्रॉस का मामला कायम कर लिया।

मुलायम सिंह कमरिया पुत्र बलराम सिंह कमरिया निवासी डीबी सिटी के पीछे मेहरा गांव सिरोल तथा यशवर्धन सिंह पुत्र सरदार सिंह कमरिया रिश्ते में ताऊ-भतीजे हैं। दोनों पक्ष एक ही घर में अलग-अलग रहते हैं। पितृ अमावस्या के मौके पर घर में पूजा का आयोजन रखा गया था। एक पक्ष के पंडित पहले आ गए तो दूसरे पक्ष ने इस बात को लेकर आपत्ति व्यक्त की और कहने लगा कि पहले पूजा मेरे घर में होगी। लेकिन दूसरे पक्ष का कहना था कि पंडित उनके वहां पहले आए हैं इसलिए पूजा उनके घर में पहले होगी। इसी बात को लेकर मुलायम सिंह व यशवर्धन सिंह आमने-सामने आ गए और मुंहवाद शुरु हो गया। मुंहवाद में महिलाएं भी पीछे नहीं रही और वह भी लड़ाई में शामिल हो गईं। इसके बाद तो विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष की तरफ से लाठी-डंडे निकल आए और घर के अंदर ही घमासान हो गया।

लाठियां चलने से मुलायमसिंह, उनकी पत्नी प्रीति, भाई दौलत सिंह तथा यशवर्धन सिंह की मां, उसका भाई हर्षवर्धन सिंह कमरिया तथा मामा का लड़का अभिषेक सिंह को चोटे आई। गांव में हंगामा बरपने और लाठियां चलने की बात पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों तरफ के लोगों को थाने ले आई ।पहले पूजा कराने की बात पर हुआ था झगड़ा।

इनका कहना है

लाठियां चलाने वाले एक ही परिवार के हैं और ताऊ-भतीजे हैं। एक पक्ष का पंडित पहले पहुंच गया था इसलिए पहले पूजा किसके यहां होगी इसी बात को लेकर विवाद हो गया। लाठी-डंडे चलने से कुछ लोगों को चोट आई है। मामला कायम कर लिया है और जांच कर रहे हैं।

गोविंद बगोली
टीआई, सिरोल

जीएसटी की दरों में कटौती से बढ़ेगा व्यापार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 सितम्बर. सांसद भारत सिंह कुशवाह जीएसटी की दरों में हुई कटौती के बाद सोमवार को शहर के व्यापारियों से मिले। सराफा बाजार में व्यापारियों से

व्यापारियों के बीच पहुंचे सांसद भारत सिंह

मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि देश को उन्नत और खुशहाल बनाने में व्यापारियों का अहम योगदान हैं। देश के व्यापार में इजाफा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी की दरों में भारी कटौती की है, जिससे उपभोक्ता को सस्ते में उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा,वहीं व्यापार एवं व्यवसाय में बढोत्तरी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी कम करके व्यापारी और आमजन दोनों को राहत दी है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि जीएसटी की घटी दरों का फायदा आमजन को दें। इस दौरान सराफा, बर्तन एवं कपड़ा व्यवसायियों ने सांसद कुशवाह का स्वागत सम्मान किया। सांसद कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी के चार स्लैब को हटाकर सिर्फ दो स्लैब कर एक बड़ी राहत आमजन को दी है, जिससे बड़ा फायदा होगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, कमल माखीजानी, दीपक सचेती, ओमप्रकाश जाजौरिया, संजय सिंघल, अजीत बरैया, दिनेश सिंघल,, पारस जैन, राजू पलैया, विनय जैन, विनय शर्मा, सतपाल जादौन, अमित बंसल,अंकित बंसल, कौशलेंद्र राजावत, अनिल सांखला,विकास साहू, भरत दांतरे, राज भौंड, नरसिंह राटौर, राजकुमार सोनी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सूने घर में नकदी, जेवरात और बाइक ले गए चोर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 सितंबर. सूना घर छोड़ना मतलब सीधे तौर पर चोर-बदमाशों को खुला आमंत्रण देना। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम में किराएदार ताला लगाकर गांव गया और चोरों ने उसी रात ताले तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। जाते-जाते चोर घर के पोर्च में रखी बाइक लेते गए। पड़ोसी ने सूचना दी तब चोरी का पता चला। घटना की जानकारी मिलने के बाद महाराजपुरा थाने की टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। चोरी गए सामान की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है। शताब्दीपुरम में सी-108 नम्बर मकान में हर्ष सिंह बघेरिया अपने परिजनों के साथ रहते हैं। मकान मालिक वहां रहते नहीं हैं, इसलिए पूरे घर की देख-रेख हर्ष सिंह का परिवार ही करता है। शनिवार को हर्ष सिंह परिवार सहित अपने गांव जो कि जिला भिंड में है वहां गए हुए थे और घर में कोई था नहीं इसलिए बाहर से ताला लगाकर चले गए। घर सुबह से ही खाली था और बाहर ताला लटका था इसकी भनक चोरों को लग गई। मौका पाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोडा और घर के अंदर पहुंचे। कमरों के ताले तोड़े और उसमें रखे सामान की तलाशी ली। पूरा सामान तितर-बितर करने के बाद चोरों के हाथ सोने की अंगूठी, चेन, झुमकी, सोने का सुई-धागा तथा नकदी हाथ लग गई। सोने के जेवरात व नकदी सहित करीब एक लाख रुपए का माल चोरों को कमरे से मिला।

बाइक खड़ी थी, उसी से भागे

कमरों में चोरी करने के बाद अज्ञात चोर जब मकान से जाने लगे तो पोर्च के बाहर खड़ी बाइक पर नजर गई। बाइक में चाबी लगी थी इसलिए आसानी से उसे स्टार्ट किया और रात के अंधेरे में गायब हो गए। सुबह जब पड़ोसियों की नजर घर के बाहर के ताले पर गई तो वह टूटा हुआ मिला। पड़ोसियों ने तुरंत इसकी जानकारी मोबाइल से हर्ष सिंह को दी। घर में चोरी होने की बात पता चलते ही हर्ष सिंह घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। चोरी होने की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरु की। टीआई धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि कुछ सुराग मिले हैं जिससे चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

महाराजा अग्रसेन का भव्य चल समारोह निकला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 सितम्बर. महाराजा अग्रसेन जयंती पर आज शहर में कई कार्यक्रम हुए। पहली

अग्रसेन जयंती पर शहर भर में हुए कार्यक्रम, पूजन के साथ लगे जयकारे

प्रभात फेरी अग्रवाल नवयुवक संघ उपनगर ग्वालियर ने निकाली। प्रभात फेरी में भारी संख्या में शामिल लोग महाराज अग्रसेन की जयकार कर रहे थे। प्रभात फेरी का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।

प्रभात फेरी घासमंडी चौराहे से शुरू हुई, जिसमें महाराज अग्रसेन की ध्वज पताका सबसे आगे चल रही थी, उसके बाद बैंड बाजों की धुन पर महाराजा अग्रसेन की जयकार करते अग्रवाल समाज के लोग शामिल थे। प्रभात फेरी घासमंडी से किलागेट , हजीरा, तानसेन नगर, रमटापुरा, लोहामंडी होकर हलवाट खाना अग्रसेन भवन पहुंची, जहां विधिवत महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

महिला कीर्तन हुआ- अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में अग्रसेन भवन हलवाट खाना पर आज महिला कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिसमें भारी संख्या में महिलायें शामिल थीं।

चल समारोह का पूरे मार्ग में हुआ स्वागत

श्री महाराजा अग्रसेन जी के जयंती महोत्सव के उपलक्ष में श्री करौली बालन पंचायत (श्री गोपाल मंदिर) नया बाजार द्वारा श्री महाराजा अग्रसेन का चल समारोह निकाला गया। समारोह नया बाजार से प्रारंभ होकर दाल बाजार, पुराना हाईकोर्ट एवं लोहिया बाजार होते हुए नया बाजार स्थित गोपाल मंदिर पर समाप्त हुआ। चल समारोह का पूरे मार्ग में स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन इकाई मध्य प्रदेश जिला ग्वालियर द्वारा इन्द्रगंज चौराहे पर पुष्पमाला एवं दीप द्वारा पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। चल समारोह में अग्रवाल समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

motilal oswal Home Finance

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025। ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com

CIN No.: U65923MH2013PLC248741

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (MOHFL) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा अधिनियम की धारा 13(12) के साथ नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना में उल्लिखित राशि चुकाने का अनुरोध किया गया है। अधोहस्ताक्षरी का यह उचित विश्वास है कि उधारकर्ता/उधारकर्ता मांग सूचना की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार सूचना की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग नोटिस की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत हैः

स. क्र.	ऋण अनुबंध संख्या/ऋणी/सह-ऋणी/ सह-आवेदक का नाम, गारंटर का नाम	मांग नोटिस की तिथि और बकाया	अचल संपत्ति का विवरण
1.	खाता संख्याः LXMOGWALIO922 -230644264 उधारकर्ताः वीरेंद्र सिंह, सह-उधारकर्ताः दुर्गेश तोमर, सह-उधारकर्ताः गौरब वीरेंद्र सह-उधारकर्ताः सौरव वीरेंद्र	11-09-2025 / रु. 10,25,914/- (दस लाख पच्चीस हजार नौ सौ चौदह मात्र)	सर्वे क्रमांक 1113/10 1114 मिन का भाग वार्ड क्रमांक 02 (महाकाल वार्ड) मुक्तिधाम महाकालेश्वर मंदिर के आस-पास का क्षेत्र (मुक्तिधाम के पीछे) सियारामजाटव के कुआ के पास ग्राम- बड़ोखर तहसील एवं जिला - मुरैना 00 केआर गार्डन के पास 476001 मुरैना मध्य प्रदेश

उधारकताओं को सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का अनुपालन करें और इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उसमें और ऊपर उल्लिखित मांग राशि का भुगतान लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय सहित भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि MOHFL एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकताओं द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है।

यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो MOHFLअधिनियम की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति(संपत्तियों) पर कब्जा लेने के सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करके उसे हस्तांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। MOHFL को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित संपत्ति(यों) को कुर्क और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री के बाद, MOHFL को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य MOHFL को देय बकाया राशि को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी भी अन्य कानून के तहत MOHFL को उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है।

ऋणकर्ता(कों) का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय और धारा 13(13) की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है, जिसके तहत ऋणकर्ता(कों) को MOHFL की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेन-देन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधियों के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का पालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और ऋणकर्ता(कों) यदि चाहें तो इसे अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्यदिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 23.09.2025

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी
मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

नवरात्रि एवं बिटिया दिवस पर कन्यापूजन कर किया छात्राओं को सम्मानित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 सितम्बर। बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था की ओर से दर्पण कॉलोनी स्थित मॉर्डन कॉन्वेंट हायर सेकेंड्री स्कूल में नवदुर्गा महोत्सव एवं अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था संयोजक डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने की।

विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती रश्मि त्रिपाठी, डी सी तिवारी एवं अरविंद गुप्ता उपस्थित थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्रीमती रश्मि त्रिपाठी ने सम्मानित छात्राओं को बधाई दी एवं कहा कि हमें पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वही डी सी तिवारी एवं अरविंद गुप्ता ने भी सभी को नवदुर्गा महोत्सव शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा कि आज विश्व बालिका दिवस एवं नवरात्रि के पावन पर्व के प्रथम दिन विद्यालय की नन्हीं मुन्नी कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया है। संस्था पूरे नो दिन ऐसे ही अलग अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

सेवादल की संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज

ग्वालियर 22 सितम्बर. कल 23 सितंबर, को कांग्रेस कार्यालय, शिंदे की छावनी पर मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव एवं प्रदेश प्रभारी पी एन मिश्र सहित ग्वालियर चंबल संभाग के सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर ने पार्षदगणों के साथ की शहर की सड़कों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 सितम्बर। शहर की सड़कों को ठीक करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा सोमवार को वार्डवार सड़कों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी वार्डों के पाषर्दगण मौजूद रहे। जिन सड़कों पर कार्य होना है उन सड़कों को लेकर संबंधित पार्षदों के साथ चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए गए तथा पार्षद गणों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में सड़कों पर होने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी ठेकेदार गांरटी पीरियड की सड़कों पर कार्य नहीं कर रहे हैं। उनके खिलाफ दण्डात्मक प्रस्ताव तैयार करें।

बाल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शहर में कुल 224 मुख्य मार्ग हैं, जिन्हें नगर निगम द्वारा संधारित किया जाता है। जिसमें से 103 सड़कें गारंटी पीरियड में हैं, जिन्हें ठेकेदार द्वारा ठीक कराया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य विभागों की 64 सड़कें हैं, जिन्हें संबंधित विभाग द्वारा ठीक कराया जा रहा है।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने सभी अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देश दिए कि जो भी सड़कें गारंटी पीरियड की हैं, उनको तत्काल ठीक करें तथा जो सडकें स्वीकृत हैं उन्हें बनाने का कार्य प्रारंभ करें। जिससे आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी कल शाम तक अपने अपने क्षेत्र के पार्षदों को गारंटी पीरियड की सड़कों की जानकारी दे कि वे कब से कब तक गारंटी में है तथा निगम द्वारा स्वीकृत कार्यों की जानकारी संबंधित क्षेत्र के पार्षदों को दें।

बाल भवन में आयोजित बैठक में सबसे पहले ग्वालियर विधानसभा की बैठक हुई, जिसमें संबंधित कार्यपालन यंत्री श्री सुशील कटारे द्वारा बताया गया कि नगर निगम की ग्वालियर विधानसभा में कुल 43 मुख्य सड़कें हैं। जिसमें से 11 सड़कें ठीक हैं तथा 12 सड़कें आंशिक क्षतिग्रस्त हैं एवं 20 सड़कें पूर्ण क्षतिग्रस्त हैं। इसके साथ ही 43 में से 23 सडकें गांरटी पीरियड की हैं। जिसमें से 12 क्षतिग्रस्त सड़कों को संबंधित ठेकेदार द्वारा ठीक कराया जा रहा है। अन्य सड़कों पर नगर निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसमें से ग्वालियर विधानसभा के पार्षदगणों द्वारा कई सड़कों को लेकर जानकारी दी गई कि यह सडकें काफी लम्बे समय से बनने के लिए स्वीकृत हैं, लेकिन अभी नहीं बन पा रही। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हैं जिन पर कार्य नहीं हो रहा।

motilal oswal Home Finance

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्याः U65923MH2013PLC248741

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए 30 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित। एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं/गारंटरों/बंधककताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति को "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा।

बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से, जैसा कि नीचे दिए गए विवरण के अनुसार रअफ्न्क्क्षअएक्ट अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ा गया हैः

ई-नीलामी की तिथि और समयः 30-10-2025 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

स. क्र.	उधारकर्ता/गारंटर/ ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि और राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि
1	लैनः LXGWA04119-200075351 शाखाः ग्वालियर उधारकर्ताः रामवीर सिंह सिकरवार सह-उधारकर्ताः राखी सिकरवार	13-10-2022 रू. 448569/- (चार लाख अड़तालीस हजार पाँच सौ उनत्तर मात्र)	प्लॉट नंबर-10 एवं 11 का विभाग-बी गणेश विहार कॉलोनी सर्वे नंबर-537/1 537/2 महाराजपुरा ग्वालियर गिर्द महाराजपुर ग्वालियर 474002 ग्वालियर मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 3430546/- (चौंतीस लाख तीस हजार पाँच सौ छियालीस मात्र) अग्रिम जमाः रु. 343055/- (तीन लाख तैंतालीस हजार पचपन मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 29-10-2025
2	लैनः LXGWA00118-190072223 शाखाः ग्वालियर उधारकर्ताः देवकी बाई. कुशवाह सह-उधारकर्ताः पीडब्ल्यूडी कार्या., ग्वालियर मध्य प्रदेश 474001 गारंटरः कैलाश मूल कुशवाह	20-05-2025 रु. 1141588/- (ग्यारह लाख इकतालीस हजार पाँच सौ अट्ठासी मात्र)	प्लॉट नंबर 970 वार्ड नंबर 2 सर्वे नंबर 480 न्यूनतम 1 प्रगति नगर ग्राम औखाना कलां 474001 गिर्द ग्वालियर मध्य प्रदेश में स्थित है	आरक्षित मूल्यः रू. 939837/- (नौ लाख उनचालीस हजार आठ सौ सैंतीस मात्र) अग्रिम जमाः रू. 93984/- (तिरानवे हजार नौ सौ चौरासी मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 29-10-2025
3	लैनः LXMOGUNA720-210518210 शाखाः गुना, उधारकर्ताः नेलम जाटव सह-उधारकर्ताः गुड्डी नीलमसिंह जाटव	20-05-2025 रू. 617580/- (छह लाख सत्रह हजार पाँच सौ अस्सी मात्र)	वार्ड क्रमांक 7 एस क्रमांक 654 न्यूनतम-11 न्यूनतम-3 थाने के पीछे बदरवास थाने के पीछे 473885 शिवपुरी मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः 641202/- (छह लाख इकतालिस हजार दो सौ दो मात्र) अग्रिम जमाः 64120/- (चौसठ हजार एक सौ बीस मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 29-10-2025
4	लैनः LXMOGWALIO721-220590931 शाखाः ग्वालियर उधारकर्ताः अमरीश जादोन सह-उधारकर्ताः कुमारी लक्ष्मी	20-05-2025 रू. 899009/- (आठ लाख निन्यानवे हजार नौ मात्र)	वार्ड क्रमांक 06 प्लॉट क्रमांक 13 सर्वे क्रमांक 82 का भाग To 84 124 241 243 राधा विहार कॉलोनी ट्रिपल आईटीएम कॉलेज के पीछे चार शेर का नाका ग्राम मोहम्मदपुर ग्वालियर 0 0 राधा विहार 474001 ग्वालियर मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः 944322/- (नौ लाख चौवालीस हजार तीन सौ बाईस मात्र) अग्रिम जमाः 94432/- (चौरानवे हजार चार सौ बत्तीस मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 29-10-2025
5	लैनः LXMOGWALIO5522-230661397 शाखाः ग्वालियर उधारकर्ताः मुकेश जाटव सह-उधारकर्ताः सरोज जाटव	09-06-2025 रू. 749311/- (सात लाख उनचास हजार तीन सौ ग्यारह मात्र)	वार्ड क्रमांक 06 प्लॉट क्रमांक 13 सर्वे क्रमांक 82 का भाग To 84 124 241 243 राधा विहार कॉलोनी ट्रिपल आईटीएम कॉलेज के पीछे चार शेर का नाका ग्राम मोहम्मदपुर ग्वालियर 0 0 राधा विहार 474001 ग्वालियर मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 748267/- (सात लाख अड़तालीस हजार दो सौ सड़सठ मात्र) अग्रिम जमाः रु.74827/- (चौहत्तर हजार आठ सौ सत्ताईस मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 29-10-2025

नियम और शर्तें 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली फॉर्म के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम व शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और देवराव पडलक - 8108227415, मनीषकुमार ओमप्रकाश यादव - 7045567028, गिर्राज सिंह यादव - 9137527516, रविंद्र कुमार सोनी - 8976776758, भूपेंद्र खिंची - 9372704781, रोहित सिंह चौहान - 9575511158 से संपर्क कर सकते हैं। विवरण उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं और वे उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्कः +91 83709 69696, ईमेल आईडीः contact@auctionbazaar.com से संपर्क कर सकते हैं।

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 23.09.2025

एसडी-
प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95